(4) Clinical uses of aptitude tests

शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं व्यक्तिगत जीवन में अभि-क्षमता परीक्षणों के महत्व एवं उपयोगिता के अलावा इनकी नैदानिक महत्व एवं उपयोगिता है।

व्यक्ति की मानसिक विकृति सम्बन्धी निर्णय एवं उपचार करने में भी अभिक्षमता परीक्षणों का उपयोग मनोवैज्ञानिकों एवं मनोचिकित्सकों द्वारा किया जाता है कभी-कभी व्यक्ति का शैक्षणिक एवं व्यावसायिक जीवन कुसमायोजित हो जाता है क्योंकि अपनी सामान्य एवं विशिष्ट योग्यताओं का पता लगाये बिना वह पाठ्यक्रम, पाठ्य विषय एवं संकाय का गलत चुनाव ले लेता है या फिर वह गलत व्यवसाय का चुनाव कर लेता है पर इनका परिणाम यह होता है कि व्यक्ति को शैक्षणिक एवं व्यावसायिक असफलताओं का सामना करना पड़ता है और वह अपना मानसिक संतुलन भी खो देता है इससे छुटकारा पाने के लिए मनोवैज्ञानिक एवं मनोचिकित्सक अभिक्षमता परीक्षणों का उपयोग कर उनको फिर से समायोजन करने में मदद करता है।

अतः हम कह सकते हैं कि अभिक्षमता-परीक्षणों की शैक्षणिक, व्यावसायिक, व्यक्तिगत जीवन में नैसर्गिक उपयोगिता है। साथ ही इनका नैदानिक महत्व और उपयोगिता भी है।